




**नवभारत**

भोपाल, गुरुवार, 2 अप्रैल, 2026


## गंदगी से परेशान लोग सड़कों पर उतरे, सौंपा ज्ञापन

### शहर के हालात पर सोशल मीडिया से लेकर सड़क पर दिखा विरोध, दुकानें रखी बंद

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** नगर पालिका के सफाई कामगारों की काम बंद हड़ताल के कारण शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर दिखाई दे रहे है, तो वहीं हर जगह गंदगी का आलम है, जिसके चलते नगर कोने-कोने में बिखरी गंदगी ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है, साथ नगर में फैली गंदगी ने पर्यटन उद्योग पर भी असर डाला है। जिसकी बजह से आम लोगों में काफी आक्रोश है, इसी के चलते नगर के नागरिको द्वारा नगर में फैली गंदगी को लेकर जन आक्रोश निकाली गई, जहां एक ओर नगर के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे तो वहीं सभी ने एकत्रित होकर एक रैली निकाली। इस रैली की खास बात यह रही कि इस रैली में आम जन किसी पार्टी विशेष के प्रतिनिधि के रूप में नहीं बल्कि आक्रोशित जागरूक नागरिक के रूप में सम्मिलित हुआ। यह जन आक्रोश रैली जयस्तंभ पुराना बस स्टैंड से प्रारंभ होकर शहर में फैली गंदगी के बीच शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होती हुई तहसील कार्यालय पर पहुंची। जहां तहसील कार्यालय पर आक्रोशित जनसमुदाय द्वारा एसडीएम मनीष धनगर को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें सफाईकर्मियों की समस्या और शहर में फैली गदंगी का उल्लेख किया गया। जिसे एसडीएम ने ध्यानपूर्वक सुन शीघ्र ही उचित कदम लेकर सफाई व्यवस्था बहाल करने का आश्वासन दिया।




**बेनतीजा निकाली बैठक, हड़ताल है जारी:**

नगरपालिका सफाई कर्मचारियों द्वारा की जा रहीं हड़ताल को लेकर विगत 29 मार्च को चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, एसडीएम मनीष धनगर, तहसीलदार दिलीप दरोगा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष संतोष कोली की उपस्थिति में सफाई कामगारों के साथ गतिरोध दूर करने हेतु हुई बैठक आयोजित की गई, लेकिन वह बेनतीजा निकली, जिसके कारण शहर में गदंगी का अंबार देखने को मिल रहा है। एक ओर जहां सफाई कर्मचारी अपने मांगो को उचित ठहराते हुए उन्हें पूरी करने की बात कह रहे है। तो वहीं सीएमओ प्रदीप शर्मा द्वारा 79 कर्मचारियों की जगह वर्तमान में 123 कर्मचारी पदस्थ होने पर निकाय पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ आने बात दौहराते नजर आए। इस सब के बीच अनुशासन हीनता के चलते नोटिस के बाज़बूद भी जो कर्मचारी उपस्थित नहीं हुऐ ऐसे 17 कर्मचारियों का निलंबन किया गया है, जिसके चलते हड़ताल का असर और देखने को मिल रहा है। अब देखना यह होगा कि यह हड़ताल जारी रहती है, या फिर शहर की सफाई होती है यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

## नींव खुदाई से मकानों में आईं दरारें

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा में जैन मंदिर की नींव की खुदाई के कारण आसपास के कई मकानों में दरारें आ गई हैं। जिसके चलते तीन घर गिरने की कगार पर हैं, जिसके चलते प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को एहतियातन सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया है। तो वहीं मंदिर की खुदाई के कारण मकानों में आई दरारों को लेकर पीड़ित परिवार के लोगों द्वारा एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपा गया।

जिसमें बताया गया कि मंदिर निर्माण के लिए एक बड़ी एलएनटी मशीन (हिटेची) का उपयोग कर लगभग 35 फीट गहरी नींव खोदी जा रही है। लगातार खुदाई के कारण आसपास की जमीन कमजोर हो गई, जिससे मकानों की दीवारों में चौड़ी दरारें पड़ गईं। इनमें से तीन मकान नींव की ओर झुक गए हैं, जिससे उनके ढहने का खतरा बढ़ गया है। घटना की जानकारी मिलने पर सुबह स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और खुदाई कार्य का विरोध किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस भी मौके पर पहुंची।

**प्रशासन रखे हुए पूरे मामले पर नजर:**

सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, प्रशासन ने प्रभावित मकानों में रह रहे परिवारों को तुरंत बाहर निकाला। उनके सामान को हटाकर उन्हें अन्य सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि लोगों की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रभावित लोगों ने नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर सीएमओ को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना पर्याप्त सुरक्षा उपायों के गहरी खुदाई की जा रही थी, जिसके कारण यह गंभीर स्थिति उत्पन्न हुई। फिलहाल, स्थानीय लोग अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है।




## एक नजर में



### श्री तारवाले बालाजी मंदिर के पास कराई सफाई, पार्किंग की होगी व्यवस्था

**नवभारत अशोकनगर।** हनुमान जयंती के पावन पर्व पर श्री तारवाले बालाजी मंदिर में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए नगरपालिका प्रशासन पूरी तरह विशेष तैयारिया की गई है। जिसके चलते श्रद्धालुओं को संकरी गलियों में जाम और अव्यवस्था से बचाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया एवं सीएमओ विनोद उन्नीतान ने स्वयं मोर्चा तैयारियों को जायजा लेते हुए बेहत्तर व्यवस्था हो सके, इसके लिए प्रयास किए। तो वहीं नपाध्यक्ष ने जयंती पर्व से पहले पूरे क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए गए हैं।

**मैदान में गंदगी देख भड़के अध्यक्ष, तत्काल कराई सफाई:**

मंदिर के पास स्थित खाली मैदान, जिसका उपयोग पार्किंग के लिए किया जाना है, वहां गंदगी का अंबार देख अध्यक्ष श्री मानोरिया ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने तत्काल मौके पर सफाई दरोगा और उनकी टीम को तलब किया। अध्यक्ष की मौजूदगी में ही पूरे मैदान कीसफाई कराई गई, ताकि श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए सुव्यवस्थित जगह उपलब्ध हो सके। चूंकि मंदिर की ओर जाने वाली गली पतली हैं, ऐसे में सैकड़ो श्रद्धालुओं के आगमन से यातायात बाधित होने की प्रबल संभावना थी। इसी को ध्यान में रखते हुए खाली मैदान को पार्किंग के लिए तैयार किया गया है। जिससे वाहनों की सही पार्किंग से गलियों में भीड़ का दबाव कम होगा और भक्त आसानी से दर्शन कर सकेंगे।

### भगवान राम समरसता के प्रतीकः मिश्रा

**नवभारत अशोकनगर।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा जगह-जगह राम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, इसी कड़ी में बुधवार को हनुमान टेकरी शाढ़ौरा में श्री राम महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रांत प्रमुख अर्चक मंदिर सम्पर्क डॉ. दीपक मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान श्री मिश्रा ने कहा भगवान राम हमारे आराध्य हैं, भगवान राम की पावन पवित्र भूमि पर भव्य मंदिर 500 वर्ष के संघर्ष के बाद बना है। श्री राम समरसता के प्रतीक हैं , राम ने निषादराज को गले लगाया, भीलनी के बेर खाए इसलिए हमें अपने जीवन में समरसता को धारण करना पड़ेगा।

इसके अलावा उन्होंने आगे कहा कि भगवान राम का जन्म धर्म की स्थापना की, जिसके प्रमाण रामसेतु है, इसी प्रकार भगवान कृष्ण का जन्म हुआ उसका प्रमाण है गिर्राज पर्वत है। यह सब यह प्रकृति स्थित हिंदू समाज की रक्षा के लिए हम सबको संगठित होकर धर्म का धारण करके चलना पड़ेगा एवं धर्म की रक्षा करना पड़ेगी,क्योंकि हिंदू धर्म को तोड़ने का षड्यंत्र चल रहा है उन सब से हमे अपने समाज को बाचना होना। इस दौरान सभी को पंच परिवर्तन का संकल्प दिलवाया। इस अवसर पर यशवंत मिश्रा, रामकुमार चौधरी, विकास जैन बल्ली, हेमंत जैन, हरिओम, अभिषेक यादव, अजय रघुवंशी, बृजेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सिलेंडर न मिलने से गुस्साए उपभोक्ता

### चक्काजाम करते हुए लगाये दो हजार में सिलेंडर देने के आरोप, पुलिस ने संभाला मोर्चा

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत आए दिन देखने को मिल रहीं है, जिसकी बजह से आमजन परेशान है, तो वहीं एजेंसियों द्वारा दिए जा रहे बार बार आश्वासन के बाद अब उपभोक्ताओं के सब्र का बांध टूटने लगा है। ऐसा ही बुधवार को देखने को मिला, जब उपभोक्ताओं सिलेंडर नहीं मिले तो उनका सब्र का बांध टूट गया और उन्होंने आक्रोशित होकर चक्काजाम कर दिया। यह चक्काजाम कोलुआ रोड़ स्थित बाबा गैस एजेंसी के सामने ही किया गया, जहां से उपभोक्ताओं को नंबर लगाने के 15 दिन बाद भी सिलेंडर नहीं मिले। वहीं चक्काजाम और हालत बिगड़ने की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंची देहात पुलिस ने मोर्चा संभाला और लोगों को समझाइस दी, जिसके बाद आक्रोशित लोगों द्वारा चक्काजाम खोला गया, जिसके बाद आवागमन पूर्व भाति चालू हो सका।



**लोगों ने कहा प्रशासन और एजेंसी के दावे झूठे:**

चक्काजाम कर रहे उपभोक्ताओं ने बताया प्रशासन और एजेंसी के दावे झूठे है, जहां एजेंसी और प्रशासन द्वारा घर पर सिलेंडर डिलेवर करने की बात कहीं जा रहीं है, लेकिन नंबर लगाने के 15 दिन बाद भी उन्हें उनके घरों पर सिलेंडर नहीं पहुंचाए गए। तो वहीं जब वह लेने आए तो उन्हे कभी पर्ची के बहाने सिलेंडर नहीं दिया गया, तो वहीं कभी कुछ बहाना बनाकर मना कर दिया गया। जिसके कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**ब्लैक में बेचने के लगाए आरोप, कहा दो हजार में दे रहे:**

गुस्साए लोगों ने बताया कि जहां एक ओर उन्हें नंबर लगाने के बाद भी उन्हें सिलेंडर नहीं दिया जा रहा है, जिसके एक सप्ताह से लेकर दो सप्ताह हो गये है, तो वहीं एजेंसी के हॉकरों द्वारा सिलेंडरों की कालाबाजारी की जा रहीं है और यह कालाबाजारी खुले तौर पर की जा रहीं है। चक्काजाम के दौरान गुस्साए लोगों ने बताया कि उनसे भी सिलेंडर के बदले दो हजार रूपये मांगे गए, नहीं दिये तो उन्हें सिलेंडर नहीं दिया गया। जबकि उन्हें नंबर लगाए 10 से 15 दिन हो चुके है, इसके अलावा ओटीपी और रसीदी भी बनवा ली गई थी। इसके बाबजूद भी उन्हें सिलेंडर मुहैया नहीं कराया गया।

## सिंधिया के आगमन से पहले चला प्रशासन का पंजा, हटाया अतिक्रमण

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को अतिक्रमण को लेकर बड़ी कार्रवाई की गई, जिसके चलते प्रशासन ने करोड़ो रूपये की शासकीय भूमि को अतिक्रमणकारी से मुक्त कराया। जहां प्रशासन द्वारा अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई, तो वहीं इस कार्रवाई पर लोगों द्वारा प्रश्नचिन्ह खड़े किए गए, क्योकि एक दिन बाद ही केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया का आगमन जिले में होना है। जिसको लेकर लोग कहते नजर आए है कि सिंधिया के आगमन से पहले यह कार्रवाई की गई है।

दरअसल जिले में एंटी भू माफिया अभियान के तहत पहले कई कार्रवाई देखने को मिली थी, लेकिन काफी लंबे समय से यह कार्रवाईया रूक सी गई थी, तो वहीं बुधवार को तहसीलदार अशोकनगर के प्रकरण क्रमांक 0068/अ.68/2025-26 में पारित आदेश के क्रम में ग्राम टकनेरी स्थित शासकीय सर्वे क्रमांक 23 रकबा 0.251 हेक्टेयर भूमि पर से अतिक्रामक बृजमोहन पुत्र नारायणसिंह कुशवाह द्वारा कॉलोनी का निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया था जिसे मौके से हटाया गया। प्रशासन द्वारा बताया कि जिस भूमि को अतिक्रमणकारी से मुक्त कराया गया है उसका बाजार मूल्य लगभग 13500000 ( एक करोड़ पैंतीस लाख) रुपए है।



## बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल**

**कांग्रेसियों ने जमकर की नारेबाजी**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** बढ़ती महंगाई सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। जिसमें कांग्रेस पार्टी द्वारा बढ़ती महंगाई से आमजन परेशान हो रहा है, तो वहीं उपार्जन को लेकर बढ़ाई जा रहीं तारीखों से किसान परेशान है,इसके अलावा जिले की विभिन्न समस्याएं इस ज्ञापन में इंगित की गई। तो वहीं कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा रसोई गैस सिलेंडर के बढे हुए दामो और बिजली बिलो में किए गए इजाफा को लेकर जमकर नारेबाजी की।



बुधवार को सौंपे ज्ञापन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह ने बताया कि वर्तमान समय में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं अपरिपक्वता के चलते आमजन महंगाई की मार से पहले से ही प्रभावित है, उस पर सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के मूल्यों में वृद्धि करके एवं राज्य सरकार द्वारा बिजली दरों में बढ़ोत्तरी कर दी है, जो आम जन के लिए परेशानी का सबब बनी हुई। तो वहीं जिले में पेट्रोल/डीजल की उपलब्धता भी पर्याप्त मात्रा में नहीं होने से आमजन को आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा किसानों की महीनों की मेहनत खेत-खलिहानों में खुले आसमान के नीचे पड़ी है, लेकिन सरकार गेहूं उपार्जन की सिर्फ तारीख पर तारीख दे रही है। पहले 16 मार्च दी, फिर 01 अप्रैल कर दी और अब 10 अप्रैल दी है, जिसके कारण किसानों में निराश है। क्योंकि किसान कर्ज में डूबा हुआ और समर्थन मूल्य पर यदि खरीदी नहीं होती है, तो उसे और दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ ही खादद्य पदार्थों के बढ़ते दामों से आमजन परेशान है। वहीं जिले के खनिज अधिकारी सहित अन्य विभागों में अनियमितताओं, घूसखोरी बोलबाला है।

## तिलक लगाकर बच्चों को कराया गया स्कूल में प्रवेश

**जिलेभर के स्कूलों में हुआ आयोजन**

**सांदीपनि स्कूल में जिला स्तरीय कार्यक्रम**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** बुधवार को जिलेभर के शासकीय स्कूल में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर स्कूल में प्रवेश दिया गया, तो वहीं उन्हें पुस्तको का वितरण किया गया। इसके साथ ही स्कूल चलें हम अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम शंकरपुर टोरिया स्थित शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया,पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, जिपं सीईओ राजेश जैन, जिला शिक्षा अधिकारी सीके सिसौदिया, डीपीसी राहुल शर्मा, प्राचार्य यूएस तिवारी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क किताबों का वितरण किया गया। साथ ही उत्कृष्ट एवं सर्वाधिक उपस्थिति, 8वीं, 5वीं बोर्ड में प्रथम तथा एनएमएमएस परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रमाण पत्रों का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाईव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्री मनोरिया ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के किये विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप सहायता दी जा रही है। स्कूटी योजना एवं साइकिल वितरण योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मिडिल एवं हाई स्कूल/हायर सेकेंडरी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।




## धर्म-कर्म

### मुनि संघ के सानिध्य में हुआ प्रभु का महा मस्ताभिषेक का आयोजन

## 108 रिद्धि मंत्रों से की गई शांतिधारा, सामयिक के बाद मुनि संघ का हुआ विहार

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** बुधवार को नगर में विराजमान मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज संसघ के सानिध्य में स्टेशन रोड स्थित श्री चंद्र प्रभु जिनालय पर मूलनायक भगवान श्री चंद्र प्रभु का महा मस्ताभिषेक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जैन श्रद्धालुओं द्वारा प्रभु का अभिषेक किया गया, साथ ही इस मौके पर पर मुनि श्री ने सभी को प्रवचन देते हुए कहा कि आप सभी ने जो भक्ति दिखाई वह भक्ति बनाए रखना यह तुम्हारे पुण्य को और तीव्र करेंगी। साथ ही आपके यहां जो इतना बड़ा मंदिर का निर्माण हो रहा है, उसे जल्द ही आप सभी को पूरा करना है। यह जिस दिन पूरा हो जाएगा यह क्षेत्र नगर से तीर्थ बन जाएगा,जब आपके यहां काम रुक गया तो मुझे आचार्यश्री ने यहां आने के लिए बोला था और कहा था कि आप वहां जाकर जो भी समस्या आ रही है उसको खत्म कर निर्माण कार्य फिर से शुरू कराए तब हमने कहा था कि वहां के नगर गौरव पूज्य मुनिश्री सौम्य सागर महाराज को आप वहां भेजे वह और अच्छे से इस काम को कर सकते है, और वह आए उन्होंने इस काम में कुछ भी नहीं छोड़ा और आज वह काम दिखाई भी दे रहा है, वही महा मस्तकाभिषेक में पात्रों के चयन पुण्यनिभूति करने वाले परिवार को मिला।



**रत्नत्रय कार्यक्रम में बांधा समा, सफल आयोजन के लिए मुनि संघ ने दिया मंगल आशीर्वाद:**

रात्रि में आयोजित किए रत्नत्रय आध्यात्मिक शो का शानदार कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र सिंह यादव,जिला महा मंत्री नरेश ग्वाल शामिल हुए और देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में इंदौर,भोपाल सहित कई अन्य शहरों के आए कलाकारों ने समा बांध दिया, जिसमें कई कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें भगवान महावीर के गर्भ कल्याणक से लेकर मुनि बनने तक गाथा बताई गई। वही सभी श्रद्धालुओं की आंखें उस समय नम हो गई जब आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के समाधि का मंचन किया गया, वही 26/11 हमले की कहानी भी बताई गई साथ ही नगर में विराजमान मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज किस तरह मोक्ष मार्ग पर पहुंचे उसका मंचन भी किया। कार्यक्रम के अंतिम समय में देश भक्ति और जैन धर्म के भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य करते नजर आए। सफल कार्यक्रम के बाद सभी रत्नत्रय टीम के लोग मुनि संघ से आशीर्वाद लिया।

**मुनि संघ सोनागिर के लिए हुआ मंगल विहार:**

वही सुबह महा मस्तकाभिषेक कार्यक्रम के बाद सामयिक के बाद मुनि संघ का मंगल विहार सोनागिर के लिए हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने नम आंखों से अपने गुरु का मंगल विहार कराया।

## शंभू मीणा ने संभाला पदभार

**नवभारत न्यूज**

**नईसराय।** तहसीलदार मयंक तिवारी का स्थानांतरण गुना हो जाने पर बुधवार को नवागत तहसीलदार शंभू मीणा ने तहसील पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। इस दौरान तहसीलदार शंभू मीणा ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता राजस्व संबंधी कार्य नामांतरण सहित अन्य कार्य को समय पर पूरा करने की रहेगी। वहीं कोई व्यक्ति अपने काम के लिए आता है, तो उसकी सुनवाई कर कार्य समय पर हो। नवागत तहसीलदार ने पदभार ग्रहण कर तहसील स्टाफ से परिचय किया गया। इस मौके पर नायाब तहसीलदार अरुण गुर्जर सहित तहसील स्टाफ उपस्थित रहा।



### कलेक्टर ने दिव्यांग को मौके पर प्रदान की बैशाखी

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय से ग्राम कुमर्रा के आवेदक दिव्यांग वकील अहिरवार द्वारा आवेदन देते हुए बैशाखी दिलाये जाने की गुहार लगाई। कलेक्टर द्वारा आवेदक के आवेदन पर त्वरित रूप संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को निर्देशित कर मौके पर ही आवेदक को बैशाखी प्रदान की। वैशाखी पाकर दिव्यांग वकील अहिरवार कलेक्टर को धन्यवाद देते हुए गंतव्या की ओर रवाना हुआ।